आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं। पांच सौ तिरालिस सदस्यों वाली लोकसभा के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को दो सौ बानबे सीटें मिली हैं। भाजपा ने अकेले दो सौ चालीस सीटें हासिल की हैं। तेलुगु देशम पार्टी को सोलह और जनता दल–यूनाईटेड को बारह सीटें मिली हैं।

आई.एन डी.आई.ए ने दो सौ तैंतीस सीटें जीती हैं। अन्य के खाते में अट्ठारह सीटें गई हैं। कांग्रेस को निन्यानबे सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी ने सैंतीस सीटें जीती हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने उनतीस और डीएमके ने बाइस सीटों पर विजय हासिल की हैं। इस बीच, एनडीए की आज राजधानी दिल्ली में बैठक हुई जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार गठन के लिए भावी कार्रवाई पर विचार किया गया। उधर, आईएनडीआईए की आज शाम राजधानी दिल्ली में बैठक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर विचार के लिए शाम छह बजे गठबंधन की बैठक प्रस्तावित है।

****

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पौध रोपण के साथ ही पर्यावरण जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने लखनऊ स्थित सरकारी आवास परिसर में सुबह चंदन का पौधा लगाया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार के साथ ही कई अधिकारी मौजूद रहे।

उधर वाराणसी में नमामि गंगे संस्थान ने दशाश्मेध और प्रयाग घाट पर गंगा की सफाई की। इस दौरान गंगा सफाई और जल के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। संस्थान की ओर से अहिल्याबाई घाट पर पर्यावरण को शुद्ध रखने और पौध रोपण की भावना जागृत करने के लिए लोगों को तुलसी का पौधा दिया गया। इस अवसर पर नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमारे लिए केवल एक रस्म नही है बल्कि यह विशेष दिन पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताने वाला है। जौनपुर में तहसील और नगर पंचायत के साथ ही कई अन्य जगहों पर सरकारी और गैर सरकारी विभागों की ओर से पौध रोपण किया गया।

इसी क्रम में भदोही जिलें में वन विभाग की ओर से पर्यावरण जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिलाधिकारी विशाल सिंह ने पौध रोपण कर लोगों को पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया । कुछ और जिलों मऊ, हापुड़, अमरोहा, चित्रकूट, गोरखपुर और मेरठ में भी विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौध रोपण के साथ ही कई अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।

****

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने वर्ष दो हजार चौबीस का संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। पीसीएस प्रारंम्भिक परीक्षा सत्ताईस अक्टूबर और समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंम्भिक परीक्षा बाइस दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। संशोधित कैलेंडर में अट्ठाइस जून से बाइस दिसंबर तक कुल बारह परीक्षाए प्रस्तावित है। आयोग ने सम्मिलित राज्य कृषि सेवा प्रारंम्भिक परीक्षा दो हजार चौबीस की तीथि भी घोषित कर दी है, जो अट्ठारह अगस्त को प्रस्तावित है। इस परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया दस मई थी जो पूरी हो चुकी है और अभ्यर्थियों को परीक्षा तिथि घोषित होने का इंतजार था। यह भर्ती चार साल बाद होने जा रही है । इसका पिछला विज्ञापन वर्ष दो हजार बीस में जारी किया गया था।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की है। श्री मोदी ने लिखा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वे उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मैं उनके आने वाले समय में दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

वहीं प्रधानमंत्री की शुभकामनाओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि आपकी आत्मीय एवं ऊर्जावान शुभकामनाएं मेरे लिए अथाह प्रेरणा का स्रोत हैं। आपके यशस्वी मार्गदर्शन में विरासत और विकास को संजोए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना साकार हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, किरण रिजिजू और साध्वी निरंजन ज्योति सहित विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

इसमें अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडु, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. डॉ माणिक साहा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव शामिल है।

****